इस बुधवार बिकीं 286 संपत्तियां

मंडल को मिला 41 करोड़ का राजस्व

» **यह बुधवार भी बंपर बुधवार : अपनी दुकान अपना व्यवसाय योजना में भारी उत्साह**

» **जोधपुर की मधुबन योजना में 8 गुना कीमत पर बिकी 9 वर्गमीटर की एक दुकान**

महानगर संवाददाता

जयपुर। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने बताया कि यह बुधवार मंडल के लिए बंपर बुधवार रहा। मंडल द्वारा स्वरोजगार के लिए लॉन्च की गई अपनी दुकान-अपना व्यवसाय योजना में लोगों का भारी उत्साह देखने को मिला। इस योजना में पहले बुधवार को ही 1681 व्यावसायिक संपत्तियों में से 185 संपत्तियां बिक गईं, जिससे मंडल को 26 करोड़ 57 लाख रुपए का राजस्व मिला। इसके साथ ही बुधवार नीलामी उत्सव के तहत 101 संपत्तियां बिकीं, जिससे मंडल को 14 करोड़ 25 लाख रुपए का राजस्व मिला। उल्लेखनीय है कि कुल मिलाकर इस बुधवार मंडल की 286 संपत्तियां बिकीं, जिससे 41 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। अरोड़ा ने बताया कि योजना में जयपुर वृत्त प्रथम में 26 लाख 07 हजार रुपए मूल्य की 3 संपत्तियां और जयपुर वृत्त द्वितीय में 27 लाख 76 हजार रुपए मूल्य की 2 संपत्ति बिकीं। इसी तरह जोधपुर वृत्त प्रथम और द्वितीय में 1 करोड़ 47 लाख रुपए की 11 संपत्तियां, कोटा वृत्त में 2 करोड़ 45 लाख रुपए की 23, बीकानेर वृत्त में 98 लाख 62 हजार रुपए की 5, उदयपुर वृत्त में 5 करोड़ 17 लाख रुपए की 28 और अलवर वृत्त में 3 करोड़ 61 लाख रुपए की 29 संपत्तियां बिकीं। उन्होंने बताया कि जोधपुर की मधुबन योजना में 9 वर्गमीटर की एक दुकान जिसका न्यूनतम बिक्री मूल्य 6 लाख 75 हजार रुपए रखा था, जबकि यह दुकान 49 लाख रुपए में बिकी। इस तरह यह दुकान 8 गुना कीमत पर बिकी। इसी योजना में 9 वर्गमीटर की दूसरी दुकान जिसका न्यूनतम बिक्री मूल्य 6 लाख 30 हजार रुपए रखा गया था, जबकि यह दुकान ढाई गुना कीमत पर 17 लाख 33 हजार रुपए में बिकी। उन्होंने बताया कि कोरोना काल में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए 'अपनी दुकान-अपना व्यवसाय' योजना में 27 वर्गमीटर तक की दुकानों को ई-बिड सबमिशन और 27 वर्गमीटर से अधिक की दुकानों को ई-ऑक्शन के माध्यम से बेचा जा रहा है। इस बुधवार को ई-बिड सबमिशन से 172 व्यावसायिक संपत्तियां और ई-ऑक्शन से 13 संपत्तियां बिकीं।

अरोड़ा ने बताया कि प्राइम लोकेशन पर स्थित व्यावसायिक संपत्तियां निर्धारित बिक्री मूल्य से दो से तीन गुना दरों पर भी बिकीं। इसी तरह बुधवार नीलामी उत्सव के तहत जयपुर वृत्त प्रथम में 71 लाख 25 हजार रुपए की 3 संपत्तियां और जयपुर वृत्त तृतीय में 67 लाख 21 हजार रुपए की 4 संपत्तियां बिकीं।

इसी तरह जोधपुर वृत्त प्रथम और द्वितीय में 1 करोड़ 21 लाख रुपए की 9 संपत्तियां, कोटा वृत्त में 1 करोड़ 71 लाख रुपए की 21, बीकानेर वृत्त में 16 लाख 77 हजार रुपए की 2 संपत्तियां, उदयपुर वृत्त में 1 करोड़ 46 लाख रुपए की 12 संपत्तियां और अलवर वृत्त में 3 करोड़ 34 लाख रुपए मूल्य की 32 संपत्तियां बिकीं।